ले ज गुरमीत सिंह,
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम,
वीएसएम (से नि)
राज्यपाल एवं
कुलाधिपति, वीर माधो सिंह भण्डारी
उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
देहरादून।

सत्यमेव जयते

राजभवन
उत्तराखण्ड, देहरादून

संख्या– 23079/जी0एस0/शिक्षा/C4-3(III)/2019

देहरादून : दिनांक : 16 जुलाई, 2025

## आदेश

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रो0 ओंकार सिंह का कुलपति पद का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 18 जुलाई, 2025 को पूर्ण हो रहा है।

2. उपरोक्त के क्रम में वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005 की धारा–9 की उपधारा–(2) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा गठित अन्वेषण समिति द्वारा प्रस्तुत पैनल से धारा–9 की उपधारा–(1) के अन्तर्गत आदेश संख्या 23077 दिनांक 16 जुलाई, 2025 के द्वारा डा० तृप्ता ठाकुर, महानिदेशक, राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, भारत सरकार, फरीदाबाद (हरियाणा) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 03 वर्ष अथवा अग्रेत्तर आदेश तक वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है।

3. डा० तृप्ता ठाकुर द्वारा नियमानुसार भारत सरकार से कार्यमुक्त होकर कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय दिये जाने का आग्रह किया गया है।

अतः वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम–2005 (यथा संशोधित) की धारा–9 की उपधारा (5) के अन्तर्गत **प्रो0 ओंकार सिंह दिनांक 19 जुलाई, 2025 से नवीन चयनित कुलपति के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि अथवा अग्रिम आदेश तक वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति पद के सामान्य दैनन्दिन कार्यदायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।**

विश्वविद्यालय के नीतिगत निर्णय, मा0 कुलाधिपति के पूर्वानुमोदन के उपरान्त ही लिए जायें।

ह0/-
**ले ज गुरमीत सिंह**
कुलाधिपति।

संख्या – 23079(1)/जी०एस०(शिक्षा)/C4-3(III)/2019, तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली।
5. डा० ओंकार सिंह, कुलपति, वी०मा०सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
6. डा० तृप्ता ठाकुर, महानिदेशक, राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान (एनपीटीआई), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, एनपीटीआई कॉम्प्लैक्स, सैक्टर–33, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)।
7. कुलसचिव, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
8. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(रविनाथ रामन)
सचिव मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति।